# संचालित गतिविधियाँ 2021–22

| क्रं | दिनांक | गतिविधियाँ |
|---|---|---|
| 1. | 16/02/21 | बंसत पंचमी |
| 2. | 17/02/21 | आयुष्मान कार्ड शिविर |
| 3. | 12/04/21 | कोविड 19 वैक्सीन शिविर |
| 4. | 05/06/21 | वृक्षारोपण |
| 5. | 26/06/21 | आत्मनिर्भर भारत |
| 6. | 03/07/21 | वृक्षारोपण का महत्व |
| 7. | 10/07/21 | एकल गायन प्रतियोगिता |
| 8. | 20/08/21 | ऑनलाइन मेंहदी प्रतियोगिता |
| 9. | 05/09/21 | शिक्षक सम्मान समारोह |
| 10. | 30/10/21 | विदाई पार्टी |
| 11. | 30/10/21 | इन्ट्रोडॅक्शन पार्टी |
| 12. | 01/11/21 | थाली एवं दिया डेकोरेशन |
| 13. | 01/11/21 | रंगोली |
| 14. | 02/11/21 | बंधनवार प्रतियोगिता |

SGSM COLLEGE

ੴ SATGURU PRASAD

# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ कोविड 19 वैक्सीन शिविर ”

दिनांक 12/04/2021 से दिनांक 17/04/2021 तक सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज बड़ागांव, मुरार, ग्वालियर द्वारा कोविड वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले नागरिकों को निःशुल्क वैक्सीन लगाई गई ।महाविद्यालय के संचालक श्री सुरेन्द्रपाल सिंह सचदेवा जी एवं अन्य सभी शिक्षकों ने इस शिविर का लाभ उठाया।







# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ वृक्षारोपण ”

दिनांक 05/06/2021 पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, की ओर से ऑनलाइन एक्टिविटी के अन्तर्गत **वृक्षारोपण** के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोरोना काल के चलते हुये छात्रों को कहा गया कि अपने आसपास एक पौधा लगाते हुये अपनी एक फोटो महाविद्यालय को भेजे। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों ने वृक्षारोपण करते हुये अपनी फोटो महाविद्यालय को भेजी ।





# Sardar Gian Singh Memorial College


Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## " वृक्षारोपण का महत्व "

(भाषण प्रतियोगिता)

दिनांक 03/07/2021 को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, ग्वालियर की ओर से ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का टॉपिक **वृक्षारोपण का महत्व** रखा गया। इस प्रतियोगिता में बी0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता गूगल मीट के माध्यम से की गई एवं इसका समय दोपहर 2:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक रखा गया, जिसमें दोनों सेमेस्टर के छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया निर्णायक समिति द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शालिनी शुक्ला | प्रथम | 2. | साक्षी शुक्ला | द्वितीय |
| 3. | मोहित तिवारी | तृतीय | 4. | कीर्ति यादव | सांत्वना |




# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## " आत्मनिर्भर भारत "

(भाषण प्रतियोगिता)

दिनांक 26/06/2021 को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, ग्वालियर की ओर से ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका टॉपिक **आत्मनिर्भर भारत** रखा गया। इस प्रतियोगिता में बी0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता गूगल मीट के माध्यम से की गई जिसमें दोनों सेमेस्टर के छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। निर्णायक समिति द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शालिनी शुक्ला | प्रथम | 2. | कीर्ति यादव | द्वितीय |
| 3. | साक्षी शुक्ला | तृतीय | 4. | मोहित तिवारी | सांत्वना |




# Sardar Gian Singh Memorial College
Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

# " एकल गायन प्रतियोगिता "

दिनांक 10/07/2021 सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, ग्वालियर की ओर से बी0एड0 के छात्रों के लिये ऑनलाइन **एकल गायन प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को 80 से 90 दशक के गाने प्रस्तुत करने थे। छात्रों को प्रतियोगिता के नियम बताये गये। गाने की अधिकतम समय सीमा 5 मिनिट रखी थी। सभी छात्रों ने एक के बाद एक अपना गाना प्रस्तुत किया। अंत में निर्णायकों द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार घोषित किया गया।

1. निकिता चौहान — प्रथम
2. सीमा गुप्ता — द्वितीय
3. मोहित तिवारी — तृतीय




# Sardar Gian Singh Memorial College
Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)


# " ऑनलाइन मेंहदी प्रतियोगिता "

दिनांक 20/08/2021 को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, मुरार, ग्वालियर की ओर से ऑनलाइन **मेंहदी प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बहुत से प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के कुछ नियम बनाये गये जैसे – छात्र मेहन्दी लगाते हुये फोटो एवं वीडियो महाविद्यालय को भेजें। प्रतियोगी सभी छात्रों ने अपने–अपने फोटो एवं वीडियो महाविद्यालय को भेजे। अंत में सभी फोटो एवं वीडियो देखने के बाद प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहाः–

1. आयुशी रूहेला — प्रथम
2. रूबी खान — द्वितीय
3. रितु पवैया — तृतीय
4. निकिता चौहान, कीर्ति यादव — सांत्वना



# Sardar Gian Singh Memorial College
Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## " शिक्षक सम्मान समारोह "

दिनांक 05/09/2021 को लायन्स क्लब ग्वालियर अमृत की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज में **शिक्षक सम्मान समारोह** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी0एड0 पाठ्यक्रम के दोनों सत्रों के छात्रों द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक श्री सुरेन्द्रपाल सिंह सचदेवा एवं प्राचार्या डॉ0 अर्पणा शर्मा द्वारा माँ सरस्वती एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन् जी का पूजन किया गया एवं शिक्षक की गुणवत्ता पर डॉ0 शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को मनोरंजक एवं रोचक बनाने के लिये छात्रों एवं शिक्षकों ने कई तरह के गेम्स खेले। अंत में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को श्रीफल एवं उपहार द्वारा सम्मानित किया गया।








# Sardar Gian Singh Memorial College
Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)


## " थाली एवं दिया डेकोरेशन "

दिनांक 01/11/2021 प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की ओर से दीपावली उत्सव मनाया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें से **थाली एवं दिया प्रतियोगिता** का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में सभी छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा:-

**1.कीर्ति यादव**





# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ रंगोली ”

दिनांक 01/11/2021 को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, बड़ागावं, मुरार, ग्वालियर में **रंगोली प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में छात्र अपनी अपनी रंगोली बनाने की सामग्री अपने घर से लेकर आये। प्रतियोगिता में सभी छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। सभी रंगोलियाँ बहुत ही सुंदर बनाई गई थीं। अंत में प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहाः–

1. प्रज्ञा भदौरिया प्रथम
2. कीर्ति यादव द्वितीय




# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)


## “ बंधनवार प्रतियोगिता ”

दिनांक 02/11/2021 को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, बड़ागांव, मुरार, ग्वालियर में दीपावली की थीम पर आधारित **बंधनवार प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र अपनी अपनी बंधनवार बनाने की सामग्री अपने घर से लेकर आये, सभी छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

अंत में प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहाः–

1. निकिता चौहान प्रथम
2. आयुशी रोहिला द्वितीय





# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ विदाई पार्टी ”

दिनांक 30/10/2021 को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज में बी.एड. 2019–2021 के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों की **विदाई पार्टी** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी0एड0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र मोहित तिवारी एवं कीर्ति यादव द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अर्पणा शर्मा ने छात्रों के लिये विदाई भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान सालाना गतिविधियों में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय संचालक श्री सुरेन्द्रपाल सिंह सचदेवा जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने अपने–अपने अनुभव सांझा किये। महाविद्यालय की H.O.D. श्रीमती सतविंदर कौर के धन्यवाद भाषण के पश्चात् कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।





# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ इन्ट्रोडॅक्शन पार्टी ”

दिनांक 30/10/2021 को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज में बी.एड. 2021–2023 के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों की **इन्ट्रोडॅक्शन पार्टी** का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन महाविद्यालय संचालक श्री सुरेन्द्रपाल सिंह सचदेवा द्वारा किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अर्पणा शर्मा द्वारा महाविद्यालय के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात् सत्येन्द्र सर एवं अन्य स्टॉफ द्वारा अपने अपने विषय से सम्बंधित जानकारी छात्रों को प्रदान की गई। नवीन छात्रों के स्वागत एवं परिचय के उपरान्त उन्हें महाविद्यालय द्वारा स्टेशनरी, ड्रेस, बैच, एवं आई.सी. प्रदान किये गये। इसके पश्चात छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिये स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।






# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ आयुष्मान कार्ड शिविर ”

दिनांक 17/02/2021 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क **आयुष्मान कार्ड** शिविर का आयोजन किया गया। आस–पास के लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया एवं इसके साथ ही महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्रों ने भी शिविर में अपने कार्ड बनवाये।







Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ बंसत पंचमी ”

दिनांक 16/02/2021 को प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज की ओर से **बसंत पंचमी** उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी का पीले फूलों से पूजन किया गया एवं प्रसाद का भोग लगाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगणों एवं सभी छात्रों ने माँ सरस्वती जी का पूजन किया, साथ ही मोहित तिवारी ने माँ सरस्वती जी की वंदना प्रस्तुत की । अंत में सभी के लिये महाविद्यालय की ओर से स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।



